सी एम एफ आर आइ
CMFRI

भाकृअनुप
ICAR

स्वच्छ भारत
एक कदम स्वच्छता की ओर

सं. 147 अक्तूबर - दिसंबर 2015 ISSN 0972-2386

कडलमीन

सी एम एफ आर आइ समाचार

http://www.cmfri.org.in

एशिया में पिंजरा जलकृषि पर कोच्ची में आयोजित 5वीं अंतर्राष्ट्रीय परिचर्चा के उद्घाटन कार्यक्रम का दृश्य

कृपया पृष्ठ सं. 3 देखें

हर कदम, हर डगर
किसानों का हमसफर
भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद
Agrisearch with a human touch

भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद
केन्द्रीय समुद्री मात्स्यिकी अनुसंधान संस्थान
पी.बी.सं. 1603, एरणाकुलम नोर्त पी.ओ., कोचीन - 682 018, केरल, भारत

कडलमीन
കടൽമീൻ
கடல்மீன்
कडलमीन

विषय सूची

सी एम एफ आर आइ में एशिया में पिंजरा जलकृषि (सी ए ए 5) पर 5वीं अंतर्राष्ट्रीय परिचर्चा	3
अनुसंधान मुख्य अंश	14
प्रशिक्षण / विस्तार	17
प्रतिनिधि / आगंतुक	19
पुरस्कार	19
स्वच्छ भारत	21
राजभाषा कार्यान्वयन	21
कृ वि कें (एरणाकुलम) समाचार	22
कार्यक्रम में सहभागिता	23
मानव संपदा विकास	24
कार्मिक समाचार	26

प्रकाशक

डॉ. ए. गोपालकृष्णन
निदेशक
भा कृ अनु प - केन्द्रीय समुद्री मात्स्यिकी अनुसंधान संस्थान
पोस्ट बोक्स सं.1603, एरणाकुलम नोर्त पी.ओ
कोचीन - 682 018, केरल, भारत
दूरभाष : 0484-2394867
फैक्स: 91-484-2394909
ई-मैल: director@cmfri.org.in
वेबसाइट: www.cmfri.org.in

संपादक

डॉ. यु. गंगा

संपादकीय मंडल

डॉ. रेखा जे. नायर
डॉ. आर. जयभास्करन
डॉ. काजल चक्रबर्ती
श्री डी. लिंग प्रभु
श्रीमती पी. गीता
श्री अरुण सुरेन्द्रन
श्री पी. आर. अभिलाष

हिन्दी अनुवाद

ई. के. उमा

निदेशक कहते हैं

सब को हार्दिक नमस्कार

भारत में समुद्र कृषि से समुद्री मछली उत्पादन बढ़ाने की काफी संभाव्यता है, हालांकि देश में पिंजरे में मछली पालन अब भी प्रारंभिक विकास के चरण में है। भा कृ अनु प - सी एम एफ आर आइ ने भारत में खुला सागर पिंजरा मछली पालन में कई अनुसंधान किया मार्ग है और कोबिया और सिल्वर पोम्पानो जैसे कई वाणिज्यिक प्रमुख खाद्य मछलियों के प्रजनन एवं संतति उत्पादन पहली बार सफलता हासिल की है। आगामी वर्षों में अन्य मछली ग्रुपों जैसे ग्रूपर और रेड स्नाप्पर मछलियों के लिए भी इसी सफलता प्राप्त करने के लिए अनुसंधान व विकास के प्रयास जारी हैं। इस संदर्भ में, संस्थान द्वारा आयोजित एशिया में पिंजरा जलकृषि पर 5वीं अंतर्राष्ट्रीय परिचर्चा कई अनुसंधान विचार-विमर्शों का गवाह बन गया है और ये आवश्यक प्रौद्योगिकियों के विकास में सहायक निकलेंगे। कई सिफारिशों से यह व्यक्त हुआ कि भारत में नीली क्रांति होने के लिए यह परिचर्चा सहायक होगी। यह आयोजन सफल बनाने के लिए प्रयास किए गए सभी व्यक्ति अभिनन्दन के पात्र हैं। इस अवधि के दौरान, पशु पालन, डेरी एवं मात्स्यिकी विभाग (डी ए एच डी एंड एफ) के सहयोग से राष्ट्रीय समुद्री मात्स्यिकी जनगणना 2016 की योजना पूरी की गयी और तटीय मत्स्यन गाँवों और मछुआरों से संग्रहित समाज-अर्थशास्त्र, अवसंरचना और अन्य संबंधित मामलों के आंकडों के डाटाबेस का प्रपत्र डिजिटाइस किया जाएगा। देश के लिए मात्स्यिकी विकास योजनाएं या नीतियाँ के बनाने के दौरान यह महत्वपूर्ण हो जाएगा। केन्द्र सरकार द्वारा नयी राष्ट्रीय समुद्री मात्स्यिकी नीति तैयार करने के लिए विविध क्षेत्रों से गुणभोक्ताओं के मतों को सफल रूप से इकट्ठा किया जा सका। नए वर्ष 2016 में प्रवेश करने के इस अवसर पर यह संतोष की बात है कि भा कृ अनु प - सी एम एफ आर आइ का पुरी क्षेत्र केन्द्र खोला गया है, जो अनुसंधान कार्यों और प्रशिक्षण कार्यक्रमों के द्वारा समुद्री मछुआरों की आवश्यकताओं की पूर्ति करने में अथक प्रयास करेगा। नए वर्ष पर नयी ताक़त और निष्ठा से अपना काम करेंगे और सब को सफलतापूर्वक नया वर्ष 2016 की शुभकामनाएं अदा करता हूँ।

अ. गोपाल

डॉ.ए.गोपालकृष्णन
निदेशक

सी एम एफ आर आइ के बारे में

भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद के अधीन स्थापित केन्द्रीय समुद्री मात्स्यिकी अनुसंधान संस्थान, कोचीन समुद्री मात्स्यिकी और समुद्र कृषि में अनुसंधान और प्रशिक्षण के लिए समर्पित सर्वप्रमुख अनुसंधान संस्थान है।

सी एम एफ आर आइ के तीन क्षेत्रीय केंद्र याने कि मंडपम कैंप, विशाखपट्टणम और वेरावल तथा सात अनुसंधान केंद्र भारत की तट रेखा में कार्यरत हैं जो देश के समुद्रवर्ती राज्यों को समुद्री मात्स्यिकी नीति का अनुपालन करने में सहायता प्रदान करते हैं।

सी एम एफ आर आइ में एशिया में पिंजरा जलकृषि (सी ए ए 5) पर 5वीं अंतर्राष्ट्रीय परिचर्चा का आयोजन

स्मारिका का विमोचन (बाएं से दाएं) डॉ. ए. गोपालकृष्णन, डॉ. आलीस जोन फेरेर, डॉ. जे. के. जेना, डॉ. एस. अय्यप्पन, डॉ. डेरेक स्टेपिल्स, प्रोफसर (डॉ.) मोहन जोसफ मोडयिल और डॉ. मृदुला राजेश

भाकृ अनु प - केन्द्रीय समुद्री मात्स्यिकी अनुसंधान संस्थान और एशियन फिशरीस सोसाइटी (ए एफ एस) की भारतीय शाखा द्वारा 25-28 नवंबर 2015 के दौरान कोच्ची, भारत में एशिया में पिंजरा जलकृषि (सी ए ए 5) पर 5वीं अंतर्राष्ट्रीय परिचर्चा आयोजित की गयी। परिचर्चा के दिनांक 25 नवंबर 2015 को आयोजित उद्घाटन कार्यक्रम में डॉ. ए. गोपालकृष्णन, संयोजक, सी ए ए 5 एवं निदेशक, भा कृ अनु प - सी एम एफ आर आइ ने स्वागत भाषण दिया। इस अवसर पर भारत, नोरवे, इन्डोनेशिया, युनाइटड किंगडम, कोरिया और फिलिप्पीन्स के आमंत्रित व्यक्ति और प्रतिनिधि उपस्थित थें। उन्होंने कोच्ची में इस महान कार्यक्रम, जिस में परिचर्चा विषयक चर्चा, हर एक सत्र के लिए मुख्य भाषण और पिंजरा जलकृषि में प्रमुख अनुसंधानकारों और विशेषज्ञों के मुख्य भाषण सम्मिलित थे, के आयोजन के लिए एशियन फिशरीस सोसाइटी को कृतज्ञता अदा किया। कार्यक्रम में भारत के प्रतिनिधियों के अतिरिक्त 10 देशों (नोरवे, यू के, ऑस्ट्रेलिया, दक्षिण कोरिया, इन्डोनेशिया, वियट नाम, फिलिप्पीन्स, थायलान्ड, इरान, चीन) से कुल 252 प्रतिनिधि गण उपस्थित थे। परिचर्चा में परिचर्चा विषयक एक भाषण, 6 मुख्य भाषण, 17 प्रमुख भाषण, 141 सारांश, 42 मौखिक और 75 पोस्टर प्रस्तुतीकरण किए गए। पिंजरा जलकृषि, उत्पादों एवं सेवाओं की प्रदर्शनी भी आयोजित की गयी, जिसमें 21 प्रदर्शकों ने अपने स्टॉल में उत्पादों / सेवाओं का प्रदर्शन किया। पिंजरा जलकृषि के क्षेत्र में अनुसंधान गतिविधियों और अद्यतन विकासों से संबंधित 6 सत्रों में प्रस्तुतीकरण हुए। इस तरह के कुल 200 प्रस्तुतीकरणों का सारांश पुस्तक के रूप में तैयार करके कार्यक्रम के दौरान विमोचन किया गया। सी ए ए 5 के संयोजक ने आशा प्रकट की कि भारत में जलकृषि के विकास में योगदान करने के लिए भा कृ अनु प, एम पी ई डी ए, राज्य कृषि विश्वविद्यालयों और गैर सरकारी संगठनों के उद्देश्यों और पहल को पूरा करने में यह परिचर्चा सहायक निकलेगी और इस से जलकृषि को टिकाऊ आधार पर कायम रखने का अवसर मिल जाएगा।

डॉ. ए. गोपालकृष्णन, संयोजक, सी ए ए 5, निदेशक, भा कृ अनु प - सी एम एफ आर आइ स्वागत भाषण देते हुए

इस अवसर पर भारत के महामहिम राष्ट्रपति श्री प्रणब मुखर्जी, उप राष्ट्रपति श्री मोहम्मद हमीद अनसारी, केन्द्र कृषि मंत्री श्री राधा मोहन सिंह, केरल के माननीय मुख्य मंत्री

मुख्य अतिथि डॉ. एस. अय्यप्पन, सचिव, डेयर एवं महा निदेशक, भा कृ अनु प भाषण देते हुए

सम्मानित अतिथि प्रोफसर (डॉ.) मोहन जोसफ मोडयिल, सी ए जी, ए एफ एस, मलेशिया भाषण देते हुए

डॉ. जे. के. जेना, अध्यक्ष, ए एफ एस आइ बी एवं उप महा निदेशक (मत्स्यिकी), भा कृ अनु प अध्यक्षीय भाषण देते हुए

श्री उम्मन चान्डी और अध्यक्ष, एशियन फिशरीस सोसाइटी, प्रोफसर षौलिन हुयांग से प्राप्त बधाई संदेश पढ़े गए।

स्वागत भाषण के बाद डॉ. आलिस जोअन फेरेर, उपाध्यक्ष, एशियन फिशरीस सोसाइटी, मलेशिया ने ए एफ एस की गतिविधियों पर संक्षिप्त विवरण दिया। डॉ. एस. इज़ेड. क्वासिम, आजीवन सदस्य, ए एफ एस, प्रोफसर एच. पी. सी. शेट्टी, स्थापक अध्यक्ष, ए एफ एस आइ बी एवं भूतपूर्व ए एफ एस काउन्सिलर और श्री जे. वी. एच. दीक्षितिलु, भूतपूर्व प्रबंध संपादक, फिशिंग टाइम्स की दिवंगत आत्मा को श्रद्धांजली अर्पित करने के लिए दो मिनट का मौन रखा गया।

अपने अध्यक्षीय भाषण में डॉ. जे. के. जेना, अध्यक्ष, ने खुले समुद्र में पिंजरा मछली पालन प्रोत्सहित करने के लिए सरकार की तरफ से नीतियाँ बनायी जानी चाहिए। उन्होंने बताया कि सिंपोसियम का वर्तमान नारा न केवल मछली सब के लिए आज और कल, बल्कि हमेशा के लिए है। उन्होंने यह भी बताया कि भारत नोरवे, चिली और चीन जैसे देशों से संकेत ले सकता है।

सम्मानित अतिथि प्रोफसर (डॉ.) मोहन जोसफ मोडयिल, भूतपूर्व सदस्य, ए एस आर बी एवं सदस्य, परामर्श ग्रुप परिषद (सी ए जी), ए एफ एस कार्यक्रम में सम्मानित अतिथि थे। सी ए ए 5 के प्रति दिखायी गयी भागीदारों की प्रतिक्रिया पर उन्होंने अपना संतोष प्रकट किया और भारत में पिंजरा मछली पालन की बाल्यावस्था के इस अवसर पर इस सम्मेलन का आयोजन सफल बनाने के लिए किए प्रयास का उन्होंने अभिनन्दन किया। भारत जैसे विकासशील देश में, जहाँ मछली न केवल एक खाद्य वस्तु है, बल्कि रोज़गार का उपाय है, पिंजरा मछली पालन पर प्रकाश डालते हुए उन्होंने व्यक्त किया कि अब एशिया जलकृषि में महाशक्ति हो रहा है। उन्होंने पर्यावरणीय सुरक्षा, उद्यमिता, उपभोक्ता स्वास्थ्य आदि मामलों पर जोर दिया और जलकृषि से लाभ उठाने के एशियन देशों की साध्यताओं पर भी प्रकाश डाला। उन्होंने देशों के बीच स्पर्धा नहीं होनी चाहिए, बल्कि भविष्य में परिस्थिति अनुकूल पिंजरा मछली पालन करने के लिए एशियन देशों के ठोस प्रयास से कुशलताओं, ज्ञान और विशेज्ञता आपस में बांटने के बारे में भी ज़ोर दिया।

डॉ. डेरिक स्टेपिल्स, तत्काल पूर्व अध्यक्ष, ए एफ एस ने अपने भाषण में एशियन देशों के बीच संपर्क होने के संबंध में एशिया के मात्स्यिकी समाज को प्रमुख सुधार से गुजरना पड़ता है।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि ने सारांश पुस्तक और स्मारिका का विमोचन किया। अपने उद्घाटन भाषण में उन्होंने व्यक्त किया कि कोच्ची में सी ए ए 5 का आयोजन अत्यंत उचित हुआ है क्योंकि कोच्ची को भारत की मात्स्यिकी राजधानी कहा जा सकता है। उन्होंने वर्ष 1982 में डॉ. कुमरय्या के साथ पहली बार मीठा पानी में किए गए पिंजरा मछली पालन के अनुभव का विवरण दिया। उन्होंने यह व्यक्त किया कि हमारा भोजन अनाज से मांस और मछली तक विविध हो रहा है और आज की सब से प्रमुख समस्या जलवायु परिवर्तन की है, जिसका भा कृ अनु प- सी एम एफ आर आइ अभिसंबोधन कर रहा है। भा कृ अनु प- सी एम एफ आर आइ द्वारा वेरावल, कारवार, मंडपम और कोच्ची में पिंजरा मछली पालन में हासिल की गयी सफलता पर प्रकाश डालते हुए उन्होंने यह भी व्यक्त किया कि प्रग्रहण

डॉ. आलिस जोअन फेरेर भाषण देती हुई

डॉ. डेरिक स्टेपिल्स, तत्काल पूर्व अध्यक्ष, ए एफ एस भाषण देते हुए

मात्स्यिकी और जलकृषि में पर्यावरण अनुकूल एवं टिकाऊ परिचालन करना आज की आवश्यकता है। उन्होंने आशा प्रकट की कि भारत और नोरवे, जो पिंजरा मछली पालन के लिए मशहूर है, के बीच विचारों का आदान-प्रदान करने में यह परिचर्चा अवसर प्रदान करेगी। उन्होंने यह भी बताया कि भारत के युवा लोग चुनौतियों और अवसरों का सामना कर रहे हैं और पिंजरा मछली पालन उनके लिए इस तरह का अवसर बन जाएगा। उन्होंने आगे पानी के बहुविध उपयोग के बारे में ज़ोर देते हुए झारखंड में जलाशयों में सफल रूप से पिंजरा मछली पालन करने के लिए युवा लोगों का अभिनन्दन किया। उन्होंने बताया कि भारत में पिंजरा जलकृषि के आगे के विकास के लिए संतति की उपलब्धता, खाद्य, कुशलता और मानसिकता की आवश्यकता है। इस बात पर ज़ोर देते हुए कि भूमि से जल स्रोतों तक खाद्य उत्पादन के लिए प्रतिमान परिवर्तन के लिए पिंजरा मछली पालन अवसर प्रदान कर सकता है, डॉ. अय्यप्पन ने भागीदारों को अच्छे प्रस्तुतीकरण का अभिनन्दन करते हुए अपना भाषण समाप्त किया।

भारत में पिंजरा मछली पालन के विकास के लिए महत्वपूर्ण योगदान किए गए विशेषज्ञों को इस अवसर पर ए एफ एस आइ बी अनुसंधान एवं विकास नवोन्मेष पुरस्कार प्रदान किए गए। इनमें श्री संजय वी. रावत, अध्यक्ष (टेकनिकल्स & न्यू बिसिनेस), गारवेर-वॉल रोप्स लिमिटड, पुणे, डॉ. तम्पी समराज, निदेशक, राजीव गांधी जलकृषि केन्द्र, एम पी ई डी ए, कोच्ची, प्रोफसर (डॉ.) मोहन जोसफ मोडयिल, भूतपूर्व सदस्य, ए एस आर बी एवं भूतपूर्व निदेशक, भा कृ अनु प-सी एम एफ आर आइ, डॉ. जी. सैदा रावु, भूतपूर्व निदेशक, भा कृ अनु प-सी एम एफ आर आइ, डॉ. जी. गोपकुमार, एमरिटस वैज्ञानिक, भा कृ अनु प-सी एम एफ आर आइ और डॉ. पी. कुमारय्या, भूतपूर्व प्रधान वैज्ञानिक, भा कृ अनु प-सी आइ एफ ए सम्मिलित थे। डॉ. मृदुला राजेश, खजांची, ए एफ एस आइ बी ने कृतज्ञता अदा किया।

परिचर्चा में उपस्थित विशिष्ट अतिथियों में डॉ. वी. वी. सुगुणन और डॉ. मदन मोहन (भूतपूर्व सहा. महानिदेशक गण (मात्स्यिकी), भा कृ अनु प), डॉ. पी. एस. बी. आर. जेम्स, डॉ. वी. एन. पिल्लै (भूतपूर्व निदेशक गण, सी एम एफ आर आइ), डॉ. एस. डी. त्रिपाठी (भूतपूर्व निदेशक, भा कृ अनु प-सी आइ एफ ई), डॉ. एस. डब्लियु.ए. नाकवी, निदेशक, सी एस आइ आर-एन आइ ओ, गोवा, डॉ. पी. रविशंकर, निदेशक, भा कृ अनु प-सी आइ एफ टी, डॉ. के. के. विजयन, निदेशक, भा कृ अनु प-सी आइ बी ए, चेन्नई और डॉ. पी. जयशंकर, निदेशक, भा कृ अनु प-सी आइ एफ ए, भुवनेश्वर प्रमुख थे और इनके अतिरिक्त मात्स्यिकी एवं जलकृषि के क्षेत्र प्रसिद्ध व्यक्ति भी कार्यक्रम में उपस्थित थे।

प्रोफसर (डॉ.) मोहन जोसफ मोडयिल ने परिचर्चा विषयक मुख्य भाषण "ग्रीनिंग दि एशियन कैज अक्वाकल्चर कन्स्ट्रक्ट" प्रस्तुत किया। श्री ट्रोन्ड सेवेरिन्सन (नोरवे) (समुद्री उत्पादन व्यवस्था), डॉ. वी. वी. सुगुणन (अंतःस्थलीय उत्पादन व्यवस्था), डॉ. जी. गोपकुमार (प्रजनन एवं संतति उत्पादन), डॉ. पी. ई. विजय आनन्द, यु एस एस सी (पोषण एवं खाद्य), डॉ. ब्राइट जेल्टनेस (नोरवे) (स्वास्थ्य एवं पर्यावरण प्रबंधन) और डॉ. मारियस डालेन (नोरवे) (अर्थशास्त्र, आजीविका एवं नीति) ने मुख्य भाषण दिए। सभी सत्रों में भारत तथा विदेशों के विभिन्न संगठनों के प्रमुख वक्ताओं और वैज्ञानिकों द्वारा मुख्य भाषण प्रस्तुत किए गए। इनमें डॉ. नील्स स्वेन्नेविग (वियटनाम), डॉ. क्लाइव जोण्स (आस्ट्रेलिया), डॉ. के. जी. पद्मकुमार (भारत), डॉ. ए. के. दास (भारत), श्री उत्तम कुमार सुबुद्धी, आइ एफ एस (भारत), डॉ. अस्मन्ड जोरडाल, निदेशक, आइ एम आर (नोरवे), डॉ. केटूट सुगामा (इन्डोनेशिया), डॉ. क्रिस्टफर लन्डे, ई डब्लियु ओ एस (नोरवे), प्रोफसर ट्रेवर प्लाट (प्लाइमाउथ, अब जवहरलाल नेहरु विज्ञान अध्येता, भारत), डॉ. के. के. विजयन, निदेशक, भा कृ अनु प-सी आइ बी ए (भारत), डॉ. इन्द्राणी करुणासागर (भारत), डॉ. मुरवानटोको (मात्स्यिकी विभाग, कृषि संकाय (इन्डोनेशिया), डॉ. पी. रविचन्द्रन, सदस्य सचिव, तटीय जलकृषि प्राधिकरण, (भारत), श्री सुरेश कुमार, डी जी एम, नबार्ड, (भारत) और श्री जेकब जोसफ, सहायक प्रोफसर, एन यु ए एल एस, (भारत) प्रमुख थे। हर सत्र में भारत और विदेशक के विभिन्न संगठनों के वैज्ञानिकों एवं छात्रों द्वारा मौखिक तथा पोस्टर प्रस्तुतीकरण भी थे। डॉ. डेरिक स्टेपिल्स, ए एफ एस

परिचर्चा के प्रतिनिधि गण

समुद्री उत्पादन व्यवस्था पर सत्र I में प्रोफसर ट्रेवर प्लेट मुख्य भाषण देते हुए

समुद्री उत्पादन व्यवस्था पर सत्र I में श्री ट्रोन्ड सेवेरिन्सन (नोरवे) मुख्य भाषण देते हुए

सत्र II में डॉ. अस्मन्ड जोरडाल (निदेशक, समुद्री अनुसंधान संस्थान, नोरवे) प्रमुख भाषण देते हुए

प्रजनन एवं संतति उत्पादन पर सत्र III में डॉ. डॉ. केटूट सुगामा (इन्डोनेशिया) प्रमुख भाषण देते हुए

(मलेशिया) ने प्रदर्शनी और विपणन का उद्घाटन किया, जिस में राज्य एवं केन्द्र सरकार की एजेन्सियों, भा कृ अनु प के संस्थानों, मात्स्यिकी विश्वविद्यालयों, उद्यमियों, बैंकों और गैर सरकारी संगठनों के कुल 22 स्टॉल थे।

सी ए ए 5 का पूर्ण अधिवेशन और समापन सत्र 27 नवंबर, 2015 को आयोजित किया गया। डॉ. श्यामसुन्दर, सचिव, ए एफ एस आइ बी के स्वागत भाषण के बाद डॉ. एस. डी.

पोषण और खाद्य पर सत्र IV में
डॉ. क्रिस्टफर लन्डे (नोरवे) प्रमुख भाषण देते हुए

स्वास्थ्य और पर्यावरण प्रबंधन पर सत्र V में
डॉ. ब्राइट जेल्टनेस (नोरवे) प्रमुख भाषण देती हुई

अर्थशास्त्र, आजीविका एवं नीति पर सत्र VI में
डॉ. मारियस डालेन (नोरवे) प्रमुख भाषण देते हुए

त्रिपाठी, डॉ. के. के. फिलिपोस, संयोजक, अखिल भारतीय नेटवर्क परियोजना (समुद्री संवर्धन), डॉ. इमेल्डा जोसफ, प्रभारी अध्यक्ष, समुद्री संवर्धन प्रभाग, भा कृ अनु प- सी एम एफ आर आइ और डॉ. डेरिक स्टेपिल्स ने परिचर्चा के बारे में अपनी राय प्रकट की और परिचर्चा की सफलता का अभिनन्दन किया। डॉ. जे. के. जेना, अध्यक्ष, ए एफ एस आइ बी ने समापन भाषण और परिचर्चा के सिफारिश प्रस्तुत किए। प्रोफसर (डॉ.) मोहन जोसफ मोडयिल ने उत्कृष्ट तीन लेखों और पोस्टरों के पुरस्कारों की घोषणा की। मत्स्यफेड, केरल को, मछुआरों को नाममात्र की कीमत में जाल प्रदान करते हुए देश में पिंजरा मछली पालन को सहायता देने के लिए विशेष पुरस्कार प्रदान किया गया। पुरस्कार स्वीकार करते हुए श्री वी. दिनकरन, अध्यक्ष, मत्स्यफेड एवं भूतपूर्व एम एल ए ने बताया कि भा कृ अनु प-सी एम एफ आर आइ को पिंजरा मछली पालन के प्रयासों के लिए आगे भी सहायता जारी की जाएगी। डॉ. ए. गोपालकृष्णन, निदेशक, भा कृ अनु प-सी एम एफ आर आइ एवं संयोजक, सी ए ए 5 द्वारा कृतज्ञता ज्ञापन के बाद कार्यक्रम समाप्त हुआ।

प्रोफसर (डॉ.) मोहन जोसफ मोडयिल को ए एफ एस आइ बी आर एंड डी नवोत्थान पुरस्कार प्रदान करने का दृश्य

गारवेर-वॉल रोप्स लिमिटड को ए एफ एस आइ बी आर एंड डी नवोत्थान पुरस्कार प्रदान करने का दृश्य

डॉ. जी. गोपकुमार को ए एफ एस आइ बी आर एंड डी नवोत्थान पुरस्कार प्रदान करने का दृश्य

डॉ. पी. कुमरय्या को ए एफ एस आइ बी आर एंड डी नवोत्थान पुरस्कार प्रदान करने का दृश्य

श्री वी. दिनकरन, अध्यक्ष, मत्स्यफेड को पुरस्कार प्रदान करने का दृश्य

डॉ. डेरिक स्टेपिल्स द्वारा विपणन प्रदर्शनी का उद्घाटन

डॉ. एस. अय्यप्पन, महानिदेशक,
भा कृ अनु प का सी एम एफ आर आइ के स्टॉल में मुआइना

डॉ. जी. ग्रिनसन और टीम को उत्तम लेख प्रस्तुतीकरण का पुरस्कार

सी ए ए 5 के सिफारिश

एशिया क्षेत्र की अर्थव्यवस्था और आजीविका पर पिंजरा जलकृषि की उभरती हुई प्रधानता पर विचार करते हुए सी ए ए 5 यह सिफारिश देती है

1. एशिया के सभी देशों में सब के हित के लिए सूचनाओं के आदान-प्रदान करने के द्वारा पर्यावरण और संपदा अनुकूल, टिकाऊ और सम्मिलित तरीके से पूर्वोपाय विकास कार्यसूची।
2. सुरक्षित मछली प्रदान करने के लिए उत्तम प्रबंधन व्यवहार से एशिया के देशों के बीच सकारात्मक दृष्टिकोण के लिए सहकारी प्रयास।
3. भूमि और समुद्री पिंजरा जलकृषि पर ज़ोर देते हुए हर एक देश में पालन करने योग्य देशी मछली प्रजातियों के प्रजनन और पालन की प्रौद्योगिकियों का विकास।
4. मछली खाद्य और मछली तेल के कम उपयोग पर ज़ोर देते हुए खाद्य विकास पर अनुसंधान और एशिया क्षेत्र में पिंजरा जलकृषि के लिए प्रयाशित प्रजातियों के लिए खाध प्रबन्धन पहूंच।
5. देश विशिष्ट रागों की निगरानी उपायों का विकास एवं प्रबंधन और अब चालू रोगों के लिए प्रबंधन योजनाएं और आगे रोगों को रोकने के उपाय।
6. बहुजातीय मछली पालन में अनुसंधान एवं विकास पर ज़ोर, और मछली, मोलस्क, समुद्री शैवाल और अपमार्जकों को मिलाकर पर्यावरणीय अवनति रोकने के लिए बहु पौष्टिकता के खाद्य की तैयारी के लिए ज़ोर दिया जाना।
7. पड़ोसी देशों से जलीय पर्यावरण पर विपरीत असर न होने के लिए भूमिगत और समुद्री जलाशयों से अधिकतम जैव भार उत्पादन करन के लिए एकता का दृष्टिकोण पर विचार देते हुए हर देश के लिए राष्ट्रीय नीतियों का विकास और अंगीकार।
8. स्थानीय क्षेत्र विकास योजना, पर्यावरणीय सुरक्षा और उपभोक्ता अधिकार को विचार करते हुए पिंजरा जलकृषि के लिए स्थान का मानचित्रण, और इसके बाद पालन स्थानों की अधिसूचना और सीमांकन पर हर देश को ध्यान दिया जाना है ताकि समरसतापूर्वक विकास हो जाएगा।
9. वर्धित निवेश और उद्यमिता विकास को प्रोत्साहन देने के उद्देश्य से वाणिज्यिक तौर के पिंजरा मछली पालन में निजी-सार्वजनिक सहभागिता की सुविधा दी जानी चाहिए।
10. अनुसंधान, प्रशिक्षण और मानव संपदा विकास में सहकारी कार्यक्रमों द्वारा पिंजरा जलकृषि के विकास के लिए जानकारी और कुशलता का आदान-प्रदान किया जाना चाहिए।

डॉ. एम.के. अनिल और टीम को उत्तम लेख प्रस्तुतीकरण का पुरस्कार

डॉ. के. मधु और टीम को उत्तम पोस्टर प्रस्तुतीकरण का पुरस्कार

डॉ. पी. ए. विकास और टीम को उत्तम पोस्टर प्रस्तुतीकरण का पुरस्कार

भा कृ अनु प-सी एम एफ आर आइ की सी ए ए 5 कोर समिति
डॉ. ए. गोपालकृष्णन, संयोजक, सी ए ए 5 के साथ

भा कृ अनु प-सी एम एफ आर आइ के राष्ट्रीय समुद्री जैवविविधता संग्रहालय में प्रतिनिधि गण

सी ए ए 5 के भाग के रूप में आयोजित रात्रिभोजन में प्रतिनिधि गण

डॉ. ए. गोपालकृष्णन, निदेशक
आमंत्रित वक्ताओं और ए एफ एस
तथा ए एफ एस आइ बी टीम के साथ
भा कृ अनु प-सी एम एफ आर आइ में

समापन कार्यक्रम में डॉ. बी. श्यामसुन्दर, सचिव, ए एफ एस आइ बी भाषण देते हुए सत्र का दृश्य

सत्र का दृश्य

समापन कार्यक्रम में डॉ. अस्मन्ड जोरडाल डॉ. ए. गोपालकृष्णन को स्मृति चिह्न प्रदान करते हुए

सभा का दृश्य

"कैज अक्वाकल्चर ऐमिंग स्काइ हाइ" - श्री के. एम. डेविड द्वारा रचित परिचर्चा पेइन्टिंग

लॉगो और वेबसाइट का टीमः श्री पी. आर. अभिलाष, श्री के. एम. डेविड और श्री मनु वी. के.

सांस्कृतिक संध्या का दृश्य

आतिथेय संस्थान भा कृ अनु प-सी एम एफ आर आइ का दृश्य

भा कृ अनु प-सी एम एफ आर आइ के पुरी क्षेत्र केन्द्र का उद्घाटन

भाकृ अनु प-सी एम एफ आर आइ के पुरी क्षेत्र केन्द्र का औपचारिक उद्घाटन 7 दिसंबर 2015 को डॉ. ए. गोपालकृष्णन, निदेशक ने किया। इस अवसर पर उड़ीषा राज्य सरकार के विशिष्ट व्यक्तियों जैसे श्री पी. कृष्ण मोहन, आइ एफ एस, मात्स्यिकी निदेशक, श्री बसंत दास, उप निदेशक (समुद्री मात्स्यिकी), श्रीमती उर्बशी बेहरा, मात्स्यिकी अतिरिक्त निदेशक और श्री शशि कांत मिश्रा, सहायक इंजिनीयर, सी पी डब्लियु डी, उड़ीषा भी उपस्थित थे। डॉ. (श्रीमती) रीता जयशंकर, प्रभारी वैज्ञानिक, पुरी क्षेत्र केन्द्र ने अपने स्वागत भाषण में, केन्द्र की स्थापना के लिए आवश्यक सहायता प्रदान करने के लिए श्री सत्यब्रत साहू, आइ ए एस, भूतपूर्व आयुक्त एवं सचिव, पशु संपदा विकास विभाग (मात्स्यिकी) और श्री बिष्णुपादा सेथी, आइ ए एस को धन्यवाद प्रकट किया। डॉ. ए. गोपालकृष्णन ने गुणभोक्ताओं की समस्याओं का संबोधन करने में राज्य और केन्द्र मात्स्यिकी विभागों के बीच की सहकारिता का अभिनन्दन किया

निदेशक पुरी क्षेत्र केन्द्र के कर्मचारियों और विशिष्ट व्यक्तियों के साथ

और केन्द्र की तकनीकी सहायता से उड़ीषा में पिंजरा मछली पालन, तटीय जलकृषि और समुद्री शैवाल पालन में सहकारिता द्वारा समुद्री मात्स्यिकी की गतिविधियों की साध्यता पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम में उपस्थित मछुआरों ने केकड़ा और पखमछली पालन के लिए चेन्नई और मंडपम से संतति मिलने की समस्या व्यक्त की और उड़ीषा में भी इस तरह की स्फुटनशालाएं सजाने का अनुरोध किया। औपचारिक उद्घाटन के बाद विशिष्ट व्यक्तियों ने केन्द्र में विकसित प्रयोगशाला और स्फुटनशाला सुविधाओं का मुआइना किया।

समुद्री मात्स्यिकी जनगणना 2016

देश के सभी समुद्रवर्ती राज्यों और दो संघ राज्य क्षेत्रों में भा कृ अनु प- सी एम एफ आर आइ के नेतृत्व में राष्ट्रीय समुद्री मात्स्यिकी जनगणना 2016 आयोजित की जानी है। आन्डमान एवं निकोबार तथा लक्षद्वीप समूह में भारतीय मात्स्यिकी सर्वेक्षण के नेतृत्व में गणना की जाएगी। जनगणना कार्यों के अंदर समुद्री मछुआरा परिवारों, मत्स्यन यानों एवं जालों, मत्स्यन गाँवों के शैक्षिक सूचनाएं तथा जनसांख्यिकीय विशेषताओं के बारे में सूचना संग्रहित करना आदि सम्मिलित हैं। पिछली जनगणना वर्ष 2010 में आयोजित की गयी थी। संस्थान की सहकारिता से आयोजित की जाने वाली जनगणना के लिए कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय के पशुपालन, डेरी एवं मात्स्यिकी विभाग (डी ए एच डी एफ) द्वारा वित्तीय सहायता दी जा रही है। पर्यवेक्षकों और प्रत्याशित गणनाकारों के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए गए।

मात्स्यिकी संपदा निर्धारण प्रभाग (एफ आर ए डी) ने संस्थान के विभिन्न क्षेत्रीय / अनुसंधान केन्द्रों में जनगणना पूर्व कार्यशालाएं आयोजित कीं। विशाखपट्टणम क्षेत्रीय केन्द्र में 19-20 नवंबर, 2015 को कार्यशाला आयोजित की गयी। डॉ. मिनी के. जी., वरिष्ठ वैज्ञानिक, डॉ. रीता जयशंकर, प्रभारी वैज्ञानिक, भा कृ अनु प - सी एम एफ आर आइ पुरी क्षेत्र केन्द्र और श्री विवेकानन्द भारती, वैज्ञानिक ने प्रशिक्षण आयोजित किए। तमिल नाडु, दक्षिण आंध्रा प्रदेश और पुतुचेरी यू टी के क्षेत्र, जिला और राज्य स्तरीय पर्यवेक्षकों के लिए 17 और 18 नवंबर, 2015 को डॉ. ग्रिनसन जोर्ज, वरिष्ठ वैज्ञानिक, श्री विल्सन टी. मात्यु, वैज्ञानिक और श्री डी. पुगषेन्दी, तकनीकी अधिकारी ने प्रशिक्षण दिए। केरल और माही के लिए 12 और 13 नवंबर, 2015 को कार्यशाला आयोजित की गयी। डॉ. सोमी कुरियाकोस, प्रधान वैज्ञानिक और श्री मनु वी. के., वरिष्ठ तकनीकी सहायक ने कर्नाटक और गोवा राज्यों के लिए 1 और 2 दिसंबर, 2015 को मांगलूर अनुसंधान केन्द्र में कार्यशाला आयोजित की। डॉ. टी. वी. सत्यानन्दन, प्रधान वैज्ञानिक और श्रीमती के. रमणी सहायक मुख्य तकनीकी अधिकारी ने मुम्बई अनुसंधान केन्द्र में उत्तर गुजरात और दियु संघ राज्य क्षेत्र के पर्यवेक्षकों के लिए 18 और 19 नवंबर 2015 को और महाराष्ट्र, दक्षिण गुजरात और दामन संघ राज्य क्षेत्र के लिए 20 और 21 नवंबर 2015 को प्रशिक्षण दिए।

संस्थान द्वारा प्रशिक्षित लगभग 3000 गणनाकार देश के 73 जिलाओं के 4250 समुद्री मत्स्यन गाँवों में फैले गए 11 लाख मछुआरा परिवारों से मुलाकात करेंगे। जनगणना के प्रभावकारी पर्यवेक्षण और समन्वयन के लिए 26 केन्द्रों में करीब 220 कार्मिकों की तैनाती की गयी है। समुद्री मछुआरा परिवारों से मछली प्रसंस्करण, इस्तेमाल, विपणन और मूल्य वर्धन की सूचनाओं के अतिरिक्त उनके सामाजिक, शैक्षिक और मत्स्यन पहलुओं पर सूचना संग्रहित करने के अनुरूप अनुसूची तैयार की गयी है। मत्स्यन गाँवों

सी एम एफ आर आइ मुम्बई अनुसंधान केन्द्र में "समुद्री मात्स्यिकी जनगणना-2016" पर कार्यशाला के भागीदारों का दृश्य

में मौजूद अवसंरचना की सुविधाओं और विभिन्न तटीय जिलाओं में उपलब्ध अन्य मछली संग्रहण एवं प्रसंस्करण की सूचना भी संग्रहित की जा रही है। घरेलू सर्वेक्षण के लिए उपयुक्त की जाने वाली अनुसूची का उपयोग सुगम बनाने हेतु इसका आठ क्षेत्रीय भाषाओं में अनुवाद किया गया है। अनुसूची के अतिरिक्त इस कार्य में लगे हुए कार्मिकों को संग्रहित की जाने वाली सूचनाओं का स्पष्टीकरण करने के लिए अनुदेश पुस्तिका भी प्रदान की गयी है। समुद्री सेक्टर में मात्स्यिकी से संबंधित योजनाएं और नीतियाँ तैयार करने हेतु सहायक विस्तृत जनगणना डाटाबेस विकसित करने के लिए भा कृ अनु प- सी एम एफ आर आइ द्वारा इस आंकड़े का विश्लेषण किया जाएगा।

विशाखपट्टणम क्षेत्रीय केन्द्र में आयोजित कार्यशाला का दृश्य

राष्ट्रीय समुद्री मात्स्यिकी नीति पर गुणभोक्ताओं की राय विकसित करने हेतु ऑनलाइन सर्वेक्षण

राष्ट्रीय समुद्री मात्स्यिकी नीति बनाने का कार्य सौंपी गयी समिति ने 84 मुख्य प्रश्नों के सेट द्वारा गुणभोक्ताओं की विभिन्न राय रिकार्ड की गयी हैं, जो डी ए एच डी एफ और भा कृ अनु प-सी एम एफ आर आइ के वेबसाइट में प्रिन्ट (ऑफ लाइन) और ऑन लाइन में उपलब्ध है। मुद्रित प्रश्नावली प्रपत्र की प्रतियाँ देश के करीब 1000 मात्स्यिकी संगठनों को भेजी गयी हैं। क्षेत्रीय एवं राष्ट्रीय स्तर पर मीडिया में इसका व्यापक प्रचार दिया गया है। प्रारंभ में प्रपत्र प्रस्तुत करने के लिए 45 दिनों की अवधि (अक्तूबर 26 से दिसंबर 10, 2015 तक) दी गयी थी, लेकिन वर्धित मांग के अनुसार अवधि 6 दिनों तक बढ़ायी गयी। डाक द्वारा प्राप्त प्रस्तुतीकरण इसके बाद भी जारी हुई और दिसंबर 31 तक प्राप्त सभी प्रतिक्रियाएं विश्लेषण के लिए सम्मिलित की गयीं। ऑन लाइन प्रपत्र के लिए स्पाम और हैकेर्स से संरक्षण देने हेतु पर्याप्त साइबर सुरक्षा दी गयी।

नमूना समुद्री पिंजरा खेत से पालित महाचिंगटों का संग्रहण

टूटिकोरिन अनुसंधान केन्द्र ने तूत्तुकुडी के सिप्पिकुलम के मछुआरों के साथ सहभागिता तरीके से सितंबर 2015 महीने में समुद्री पिंजरा जाल में महाचिंगट और कोबिया मछली का पालन शुरू किया। गालवनाइस्ड अयेर्न (जी आइ) के प्लवमान जाल-पिंजरे (7 मी. व्यास और 3 मी. ऊँचाई) में महाचिंगटों का पालन किया गया। भा कृ अनु प-सी एम एफ आर आइ के तकनीकी मार्गदर्शन में मछुआरों द्वारा अनुरक्षण किए गए पिंजरे में निकटस्थ मछली अवतरण केन्द्रों से खरीदे गए 60 ग्राम भार वाले 550 छोटे महाचिंगटों का संभरण किया गया। तीन महीनों के बाद महाचिंगट 225 ग्राम तक बढ़ गए और संग्रहित महाचिंगटों का मूल्य लगभग 1.8 लाख रुपए था। तूत्तुकुडी के सिप्पिकुलम गाँव में दिसंबर 2015 महीने में संग्रहण मेला आयोजित की गयी। डॉ. पी. पी. मनोजकुमार, प्रभारी वैज्ञानिक, भा कृ अनु प-सी एम एफ आर आइ टूटिकोरिन अनुसंधान केन्द्र ने सभा का स्वागत किया। श्री अमल सेवियर, मात्स्यिकी संयुक्त निदेशक (क्षेत्रीय), टूटिकोरिन ने संग्रहण मेले का उद्घाटन किया और पिंजरा मछली पालन के लिए राज्य एवं केन्द्र सरकार की विविध योजनाओं के बारे में मछुआरों को सूचित किया। श्री सी. कालिदास, वैज्ञानिक ने समुद्री पिंजरा मछली पालन पर तकनीकी विवरण दिया। श्री एम. कुमरेशन, महाचिंगट पालन उद्यमी, श्री ज्ञानराज, समुद्री पिंजरे में महाचिंगट का पालनकार और श्री रेक्सन, समुद्री पिंजरे में कोबिया मछली का पालनकार ने सिप्पिकुलम में पिंजरा मछली पालन पर अपने अनुभव बांट दिए। डॉ. सी. एस. षाइन कुमार, उप निदेशक, एम पी ई डी ए ने गाँव से जीवित तथा हिमशीतित मछलियों के निर्यात के लिए दी जाने वाली सहायिकियों के बारे में बताया। इस अवसर पर रेव. राजा रोड्रिगो, सिप्पिकुलम और श्री आइसक जयकुमार, मात्स्यिकी सहायक निदेशक (समुद्री) ने भी भाषण दिए। सिप्पिकुलम मछुआरा सहकारी संघ के प्रतिनिधि गण और मछुआरे लोग भी इस कार्यक्रम में उपस्थित थे। गाँव में पहली बार आयोजित इस तरह के कार्यक्रम से प्रेरित होकर अन्य मछुआरा परिवार के सदस्य भी समुद्री पिंजरा मछली पालन के लिए आकर्षित हो जाएंगे और तद्द्वारा उनकी आजीविका का स्तर बढ़ जाएगा।

संयुक्त निदेशक, तमिल नाडु मात्स्यिकी विभाग महा चिंगट सग्रहण मछुआरे को देते हुए

(टूटिकोरिन अनुसंधान केन्द्र की रिपोर्ट)

गुजरात में टी एस पी के अंदर खुला सागर मछली पालन का विस्तार

लगातार चार वर्षों से लेकर भा कृ अनु प-सी एम एफ आर आइ ने वेरावल में आदिवासी उप योजना के अंदर गुजरात के सिदी आदिवासियों के हितार्थ खुला सागर पिंजरा मछली पालन किया। पिछले तीन वर्षों के पालन परीक्षणों की सफलता से प्रेरणा पाकर चालू वर्ष में भी पिंजरा मछली पालन करने के लिए आगे आए। इस वर्ष की प्राथमिकता महा चिंगटों के पालन से समुद्री शैवालों और शुक्तियों के साथ महा चिंगटों को एकीकृत करते हुए पालन करना होगी। इन पालन परीक्षणों द्वारा आदिवासियों को आजीविका प्रदान करने के अतिरिक्त उसी क्षेत्र में पिंजरा मछली पालन में अभिरुचि होने वालों की निदर्शन कुशलता और क्षमता वर्धन में सहायक हो गया है। आदिवासियों के पंजीकृत संघ, भारत आदिमजुत मत्स्योद्योग मंडली, तलाला द्वारा चलाए जाने वाले इस कार्यक्रम से 22 परिवारों के करीब 110 सदस्य लाभ उठा रहे हैं।

(वेरावल क्षेत्रीय केन्द्र की रिपोर्ट)

भा कृ अनु प- सी एम एफ आर आइ द्वारा प्रशिक्षित प्रगतिशील मछुआरे द्वारा मछली पालन का प्रारंभ

कोवलम प्रगतिशील मछुआरा संघ (ए के पी एफ) के सहयोग से तमिल नाडु के कांचीपुरम जिले के कडलूर चिन्नकुप्पम गाँवों के युवा मछुआरे, जो सी एम एफ आर आइ समुद्री संवर्धन टीम से प्रशिक्षित है, ने समुद्री तटवर्ती क्षेत्रों से पकड़े गए एशियन समुद्री बास मछली के उंगलि मीनों और *परास्ट्रोमाटिअस नीगर, लूटजानस* प्रजाति और *राचिसेन्ट्रोन कनाडम* के किशोरों का पिंजरे में पालन शुरू किया। गाँव के पास की संकरी खाड़ियों और पश्चजलों में छोटे और देशीय रूप से बनाए गए पिंजरा जाल स्थिर किए गए। इन में से एक पिंजरे से 13 नवंबर 2015 को मछली संग्रहण किया और 54 कि. ग्रा. समुद्री बास मछली (980 ग्राम का औसत भार) तथा पेर्लस्पोट और करंजिड जैसी अन्य मछलियाँ भी प्राप्त हईं। समुद्री बास और मैंग्रोव जैक मछलियों को एक गैमिंग रिसोर्ट को प्रति किलोग्राम के लिए 500/- रुपए की दर पर बेच दिया गया, जहाँ से इन्हें बिना किसी मर्त्यता के लगभग दो घंटों तक मीठा पानी वातावरण में बदल दिया गया। युवा मछुआरों के इस उद्यम से कुल 33,000 रुपए का राजस्व प्राप्त हुआ।

(मद्रास अनुसंधान केन्द्र की रिपोर्ट)

"अनुसंधान पुस्तकालयों में ई-संपदाओं का प्रभावकारी प्रबंधन" पर राष्ट्रीय कार्यशाला

सी एम एफ आर आइ के पुस्तकालय एवं प्रलेखन केन्द्र ने 12-17 अक्तूबर 2015 के दौरान "अनुसंधान पुस्तकालयों में ई-संपदाओं का प्रभावकारी प्रबंधन" पर 6 दिवसों की राष्ट्रीय कार्यशाला आयोजित की गयी। डॉ. जे. लता, कुलपति, कोच्ची विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय (के यु एस ए टी), कोच्ची ने कार्यशाला का उद्घाटन किया। डॉ. ए. गोपालकृष्णन, निदेशक कार्यक्रम में अध्यक्ष रहे। श्रीमती पी. गीता, प्रभारी अधिकारी, पुस्तकालय एवं प्रलेखन केन्द्र ने कार्यशाला का समन्वयन किया। पुस्तकालय कार्मिकों के क्षमता वर्धन कार्यक्रम होते हुए इस के द्वारा संस्थागत रिपोसिटरी विकसित करने में आवश्यक प्रशिक्षण प्रदान किए गए और इ-संपदाओं के प्रभावकारी प्रबंधन के लिए आधुनिक प्रोद्योगिकियों के निष्पादन पर अवगाह जगाया गया। कार्यक्रम का समापन समारोह 17 अक्तूबर 2015 को आयोजित किया गया।

डॉ. जे. लता, कुलपति, के यु एस ए टी कार्यशाला का उद्घाटन करती हुई

आइ एम टी ए से मछुआरा स्वयं सहायक संघों को लाभ

एन आइ सी आर ए के अंदर कोबिया के पिंजरा पालन के साथ समुद्री शैवाल *काप्पाफाइकस अल्वरेसी* को एकीकृत करते हुए मुनैकाड (पाक उपसागर) में मई 2015 महीने में की गयी एकीकृत बहु पौष्टिक जलकृषि (आइ एम टी ए) सफल रूप से पूरी की गयी। समुद्री शैवालों का 17 सितंबर और 5 नवंबर 2015 को आयोजित दो सफलतापूर्वक संग्रहण के बाद 27 नवंबर और 6 दिसंबर 2015 को पिंजरे में पालित कोबिया मछली का संग्रहण किया गया। लगभग 52 से 72 से. मी. की लंबाई और 1.4 से 3.5 कि. ग्रा. के भार वाले कुल 1,792 कि. ग्रा. कोबिया मछली का संग्रहण किया गया, और प्रति किलो ग्राम के लिए 270 रुपए का फार्म गेट मूल्य प्राप्त हुआ।

(मंडपम क्षेत्रीय केन्द्र की रिपोर्ट)

एरणाकुलम जिले में परंपरागत चिंगट किसानों द्वारा पिंजरा मछली पालन

केरल में, विशेषतः एरणाकुलम जिला के पश्चजल क्षेत्रों में पिंजरा मछली पालन का द्रुत विकास हो रहा है। जिला के परंपरागत चिंगट किसान लोग विद्यमान जल क्षेत्रों, जिन में सीमित मछली उत्पादन होता है और रोग होने की वजह से कम चिंगट पालन में अनिश्चितता भी है, का सही तरह उपयोग करने में उत्साहशील है। विभिन्न कारणों से खुले तालाबों में मछली पालन लाभप्रद न होने पर पिंजरे में मछली पालन एक बदल उपाय माना जाता है। वाइपीन द्वीप के नायरम्बलम के लोगों की आमदनी का मुख्य स्रोत खेती और मत्स्यन हैं और यहाँ विशेषतः गाँव के पूर्व एवं पश्चिम भागों में विशाल परंपरागत पोक्काली खेत और मछली तालाब मौजूद है। कोच्ची के कडमकुडी ग्राम पंचायत के पिषला द्वीप में भी पोक्काली के कई खेत हैं। इन दोनों स्थानों के किसान लोगों ने अपने

नायरम्बलम में स्थापित चतुष्कोणीय पिंजरे का दृश्य

स्थानों में 4 मी. x 4 मी. आकार के जी आइ पिंजरे सजाए। पिषला में समुद्री बास, पेर्लस्पोट और तिलापिया मछलियों से युक्त चार पिंजरे और नायरम्बलम में एक पिंजरा स्थापित किए गए और अब इनका परिचालन चालू है। भा कृ अनु प-सी एम एफ आर आइ किसानों को आवश्यक वैज्ञानिक सहायताएं प्रदान करते हैं

केरल में भागीदारी खुला सागर पिंजरा मछली पालन

फोर्ट कोच्ची पुलिन के पास खुले समुद्र में समुद्रीबास और कोबिया मछलियों के पालन के लिए भा कृ अनु प-सी एम एफ आर आइ द्वारा 23.11.2015 को 6 मी. के व्यास होने वाला जी आइ पिंजरा स्थापित किया गया। इम्मानुएल चर्च, बीच रोड के के एल सी ए यूनिट की सहकारिता से समुद्र तट से 2 किलोमीटर दूर 6 मी. की गहराई में 75 कि. ग्रा. भार के दो लंगर उपयुक्त करके पिंजरा स्थापित किया गया। पिंजरे में एशियन समुद्रीबास मछली के संततियों का संभरण किया गया और ग्रुप प्रति दिन पिंजरे का अनुरक्षण और मछलियों को आहार देने के लिए सहमत हुए। मुनम्बम में वर्ष 2009 में किए गए पिंजरा मछली पालन निदर्शन के बाद यह कोच्ची में खुला सागर पिंजरा मछली पालन का दूसरा परीक्षण है। पिंजरे की स्थापना से पहले दिनांक 11.11.2015 को इस के बारे में मछुआरों को अवगाह देने का कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें 100 लोगों ने भाग लिया। समुद्री संवर्धन प्रभाग के डॉ. इमेल्डा जोसफ, डॉ. षोजी जोसफ और डॉ. बोबी इग्नेशियस, प्रधान वैज्ञानिकों और श्री के. एम. वेणुगोपालन, तकनीकी अधिकारी ने पिंजरा मछली पालन पर क्लास चलाए और भा कृ अनु प-सी एम एफ आर आइ द्वारा देश के विभिन्न स्थानों में की जाने वाली पिंजरा मछली पालन गतिविधियों पर वीडियो भी दिखाया गया।

फोर्ट कोच्ची में खुला सागर पिंजरे के जलायन का दृश्य

द्वीप जैवविविधता सर्वेक्षण

कारवार के देवगड द्वीप में दिसंबर 2015 में जलांदर सर्वेक्षण करके प्रवाल विविधता का मानचित्रण किया गया। द्वीप के चारों ओर के चट्टानी नितलस्थ भागों में प्रवालों के खंड देखे गए। तटीय क्षेत्रों में 5-12 मीटर की गहराई में मुख्यतः मृदु प्रवाल देखे गए। द्वीप में नाशोन्मुख वाइल्ड बनाना (क्लिफ बनाना, *एनसेटे सूपरबम*) सहित घनी वनस्पतियाँ थीं। सर्वेक्षण किए गए स्थानों में भारी मात्रा में अवसाद थे, जो द्वीप काली नदीमुख पर स्थित होने के कारण होगा। फिर भी, कठोर प्रवाल मुश्किल परिस्थितियों का सामना करते हुए देखे गए। द्वीप के उत्तर भाग में 6-9 मी. की गहराई में विप प्रवाल या मंकी टेल (*जनसेल्ला जनसिया*) प्रचुर मात्रा में देखे गए। सात वंश के कठोर प्रवाल दृश्यमान थे जो हैं *पोराइट्स, फेविया, कोसिनेरिया, टर्बिनेरिया, पारासयातस,*

देवगड द्वीप के मृदु प्रवाल एवं गोरगोनिड

सिफास्ट्रिया और *ट्यूबास्ट्रिया*। अंतरज्वारीय और 3 मीटर की गहराई तक के उथले जल क्षेत्रों में चट्टानी शुक्ति *साकोस्ट्रिया कुकुल्लेटा* और *सरगासम* प्रजाति और *पाडिना* प्रजाति जैसे समुद्री शैवाल भी खूब मात्रा में पाए जाते हैं। मृदु प्रवालों और गोरगोनिडों में जीवाणु जनित रोग नहीं देखे गए, बल्कि कठोर प्रवालों विशेषतः *पोराइट्स* समूह में जैव अपरदन देखा गया। फिर भी सामान्यतया मजबूत आवास व्यवस्था देखी गयी।

(डॉ. पी. लक्ष्मीलता, प्रधान अन्वेषक,एम बी/वी ए आइ/33, समुद्री जैवविविधता की रिपोर्ट)

महाराष्ट्र में कोष संपाशों में पावर ब्लॉक लगाने से सामाजिक संघर्ष

पिछले दशक के दौरान राज्य में बांगड़ा और तारलियों को लक्षित मत्स्यन के साथ कोष संपाशों की मात्स्यिकी गतिशील हो रही है। हाल के वर्षों के दौरान शिंगटी, काली पाम्फ्रेट जैसे वाणिज्यिक प्रमुख तलमज्जी मछलियों और घोल, कोथ आदि जैसे सयनिडों के अवतरण के साथ कोष संपाश मात्स्यिकी की पकड़ में विविधता लायी गयी है। वर्धित कोष संपाश मात्स्यिकी और इनके द्वारा भारी मात्रा में उप पकड़ (60-65%) और किशोर मछली पकड़ की समस्याओं की वजह से तटीय समुद्र में डोल जाल, गिल जाल और तट संपाशों का परिचालन करने वाले परंपरागत मछुआरों के बीच में संघर्ष का कारण बन गया। प्राकृतिक संपदाओं के टिकाऊपन और कोष संपाशों और परंपरागत मछुआरों के बीच बढ़ते हुए संघर्ष पर विचार करते हुए महाराष्ट्र सरकार ने इस समस्या का समाधान करने के उद्देश्य से वर्ष 2011 में कोष संपाश समिति गठित की है। अब महाराष्ट्र में कोष संपाश बेड़ाओं में 435 एकक मौजूद हैं। परंपरागत रूप से इन जालों को मानव शक्ति द्वारा खींचा जाता था, लेकिन हाल ही में जाल खींचने के लिए पावर ब्लोक (या बूम) लगाए गए। अलग इंजन (4 सिलिन्डर, 36 एच पी) से जगाने वाली हाइड्रोलिक पावर से इसका परिचालन किया जाता है और आवश्यकता के अनुसार पावर ब्लोक की गति और खींचने की दिशा में परिवर्तन किया जा सकता है। सासून डॉक में परिचालन किए जाने वाले करीब 50 कोष संपाशों में पावर ब्लॉक लगाए गए हैं, जिससे जाल खींचने का समय कम हो गया है और खींच और मछली पकड़ दुगुना किया जा सकता है। इस के अतिरिक्त पोत पर काम करने वालों की मानव शक्ति में भी घटती की गयी है, पहले पोत पर 20 से 25 कर्मी दल था, लेकिन अब यह संख्या 5 से 8 तक कम हो गयी। इस तरह के विकास परंपरागत मछुआरों और कोष संपाश परिचालकों और कर्मी दल और नाव मालिकों के बीच संघर्ष होने के लिए कारण बन गए हैं।

(आल्बर्ट आइडु, आइ. एस. होटागी, वीरेन्द्र वीर सिंह, वैरब डी. मात्रे, नीलेश ए. पवार पूनम ए. खंडागले, मुम्बई अनुसंधान केन्द्र की रिपोर्ट)

सासून डॉक, मुम्बई में हाइड्रोलिक पावर लगाए गए कोष संपाश एककों का दृश्य

तमिल नाडु के मत्स्यन गाँवों में असाधारण बाढ़ का असर

चेन्नई में नवंबर-दिसंबर 2015 के दौरान हुई लगातार बारिश से व्यापक नष्ट और विनाश हुए। तमिल नाडु के सात तटीय जिलाओं में 68 मत्स्यन गाँव "कठोर रूप से प्रभावित" और 169 गाँव बाढ़ से "मध्यम रूप से प्रभावित" थे। कांचीपुरम जिले में सबसे अधिक मत्स्यन गाँव (23) गंभीर रूप से प्रभावित हुए और इसके बाद कडलूर (12) में अधिक नाश हुआ। लगातार हुई भारी वर्षा से कोवलम क्षेत्र प्रयोगशाला में भी हानि हुई। सेडिमेन्टेशन और रिसर्वोयर टैंकों के छत खराब हुए और बोर पाइप से आने वाले समुद्र जल की लवणता बहुत कम स्तर तक हो गयी, जिससे अंडशावकों, शैवाल संवर्धन और अन्य जीवों पर बुरा असर पड़ा।

(मद्रास अनुसंधान केन्द्र की रिपोर्ट)

पिंक विप रे मछली का भारी अवतरण

बेपुर में नाव पर परिचालित कांटा डोर द्वारा पिंक विप रे *हिमान्तूरा फाइ* मछली का भारी अवतरण हुआ और इन्हें 22 दिसंबर 2015 को कोचीन मात्स्यिकी पोताश्रय लाया गया। लगभग 18 टन रे मछली अवतरण का प्रति किलो ग्राम के लिए 74 रुपए की दर पर नीलाम कर दिया गया।

पिंक विप रे मछली के अवतरण का दृश्य

ब्लैक स्पोटड क्रॉकर की असाधारण बंपर पकड़

पाम्बन-तेर्कुवाडी अवतरण केन्द्र में 193 एच पी इंजन लगाए गए 16 मी. की समग्र लंबाई के मछली आनाय (*मीनमाडी*) के परिचालन द्वारा 9 दिसंबर, 2015 को ब्लैक स्पोटड क्रॉकर (*प्रोटोनीबा डयाकान्तस*), जिसे स्थानीय रूप से '*घोल / कूरल*' कहा जाता है, का भारी अवतरण हुआ। लगभग दो टन की कुल पकड़ में 47 मादा और 53 नर मछलियाँ मौजूद थीं जिनके लंबाई और भार क्रमशः 120 से. मी. और 19 कि. ग्रा. थे। कुल पकड़ को प्रति किलो ग्राम के लिए 1460/- रुपए की दर पर नीलाम कर दिया गया और केरल ले गया, क्योंकि केरल में घरेलू तथा निर्यात बाज़ार में बड़ी मांग होने वाले आइसिंग्लास बनाने के लिए इस मछली के स्विम ब्लैडर उपयुक्त किए जाते हैं। दक्षिण पूर्व तट पर इतने बड़े आकार वाली क्रॉकर मछली की उपस्थिति विरल है और इस से पहले इस तरह भारी मात्रा में इस मछली के अवतरण की रिपोर्ट नहीं की गयी है।

(रम्या एल., सूर्या एस., एम. राजकुमार, डॉ. एन. एस. जीना, रम्या अभिजित, ए गांधी, के. षण्मुखनाथन, आर. शेल्वकुमार, के. तंगवेल और डॉ. ए. के. अब्दुल नासर, मंडपम क्षेत्रीय केन्द्र की रिपोर्ट)

सूत्रपख ब्रीम के किशोरों का भारी अवतरण

मुम्बम मत्स्यन पोताश्रय से नवंबर 2015 से लेकर बहुदिवसीय आनायकों के परिचालन द्वारा 50- 100 मि. मी. की लंबाई परास के सूत्रपख ब्रीम किशोर *नेमीट्टिस रनडाली* बडी मात्रा में पाए गए। ये अवतरण की गयी कुल सूत्रपख ब्रीम का 75-80% आंके गए। नवंबर महीने में 113 टन किशोर मछलियों का अवतरण किया गया, जो दिसंबर में भी जारी किया गया। पकड़ को अवतरण केन्द्र में ही प्रति किलोग्राम के लिए 20/- रुपए की दर में नीलाम कर दिया गया और *सुरिमी* नामक मछली कीमा, जो प्रमुख निर्यात वस्तु है, बनाने के लिए मांगलूर तक इनका परिवहन किया गया।

(तलमज्जी मात्स्यिकी प्रभाग की रिपोर्ट)

शूली महाचिंगट प्रजातियों का प्रग्रहण स्थिति में स्फुटन

मन्नार खाड़ी जैवमंडल आरक्षण में शूली महाचिंगटों की प्रमुख तीन प्रजातियाँ पायी गयीं, जो हैं *पानुलिरस होमारस होमारस, पी. वेर्सिकोलर* और *पी. ओर्नाटस* और इस क्षेत्र में इनका जीवित रूप में विपणन यहाँ की एक प्रमुख आर्थिक गतिविधि है। इस प्रजाति के डिंभक वितरण और मात्स्यिकी में प्रवेश पर जानने और डिंभक की आण्विक पहचान विनिर्दिष्ट करने के लिए प्राकृतिक स्थानों से संग्रहित अंडयुक्त मादा *पानुलिरस वेर्सिकोलर* और *पी. होमारस* का प्रेरित अंडजनन कराया गया। अंडशावकों को जीवित महाचिंगट पालन केन्द्रों से संग्रहित करके 2 टन की धारिता के एफ आर पी टैंकों में इनका अनुरक्षण किया गया। अंड निषेचन के 1-2 हफ्तों में अंडजनन हुआ और *पी. होमारस* और *पी. वेर्सिकोलर* के एकल अंडशावकों से क्रमशः 1.9 लाख और 3 लाख फिल्लोसोमा डिंभक बाहर आए। प्राकृतिक रूप से पकड़े गए फिल्लोसोमा की प्रजाति पहचान बहुत कठिन कार्य है और तुलनात्मक संदर्भ डेटा जगाने के लिए यह कार्य अत्यंत उपयोगी होगा।

(जीना, एन. एस., टिन्टो तोमस, अब्दुल नासर, ए. के. और राममूर्ती, एन.,मंडपम क्षेत्रीय केन्द्र की रिपोर्ट)

लाम्बिस लाम्बिस में दो ओपरकुलम की असाधारण उपस्थिति

जठरपाद संपदाओं के नियमित निगरानी के दौरान 24 अगस्त 2015 को पनडुब्बों द्वारा कलावासल के दो नॉटिकल मील की दूरी और 5 मी. की गहराई से संग्रहित *लाम्बिस लाम्बिस* (लिनेअस, 1758) के 195 मि. मी. और 325 ग्राम के आकार के एक नमूने में दो ओपरकुलम पाए गए। कई बार विपथन की रिपोर्ट प्राप्त हुई है, लेकिन दो ओपरकुलम की उपस्थिति असाधारण घट ना है और जठरपादों में पहली बार यह देखा जाता है। इस जीव को टूटिकोरिन अनुसंधान केन्द्र के संग्रहालय में रखा गया

(एम. कविता, डॉ. आइ. जगदीश, जे. पद्मनाथन और एच. शिवनेश, टूटिकोरिन अनुसंधान केन्द्र की रिपोर्ट)

दो ओपरकुलम सहित लाम्बिस लाम्बिस का दृश्य

द्विकपाटियों के भंडारण के लिए देशी तकनीक

महाराष्ट्र के विभिन्न संकरी खाड़ियों से द्विकपाटी, जिसे स्थानीय रूप से *तिसरे* या *शैवाले*, *तिगारी* या *शिंपाले* कहा जाता है, का वाणिज्यिक तौर पर विदोहन किया जाता है। रत्नगिरी जिले के कल्बादेवी क्रीक प्रमुख द्विकपाटी संग्रहण केन्द्र है। स्थानीय मछुआरों द्वारा निम्न ज्वार के दौरान सीपियों का हाथ से संग्रहण किया जाता है और साधारणतया अमावस्या और पूर्णिमा के दिनों में, जब ये पूरी तरह बाहर दिखते हैं, इनका अधिकांश संग्रहण किया जाता है। मछुआरे प्रति दिन उपलब्धता के अनुसार 80-100 कि. ग्रा. द्विकपाटियों का संग्रहण करते हैं। स्थानीय मछुआरों की राय में इस तरह की श्रृंग पकड़ मांचसे दस वर्षों में होती है और पिछली बार वर्ष 2010 - 11 के दौरान श्रृंग पकड़ हुई थी। संग्रहित सीपियों को स्थानीय मछुआरे विशेष तरीके से जीवित स्थिति में भंडारण करते हैं। संग्रहित 50-60 कि.ग्रा. सीपियों को पोलिथीन थैलियों में संकरी खाड़ी में ही डुबाकर रखते हैं। पोलिथीन थैलियों को ऊपर से रस्सी से बांध दिया जाता है और पहचान करने के लिए संकेत का झंडा लगाया जाता है। जब स्थानीय बाजार में द्विकपाटियों की मांग बढ़ती है, तब इन्हें बाहर लेकर बेचा जाता है। कल्बादेवी संकरी खाड़ी में सीपी संग्रहण में लगभग 100-200 मछुआरे लगे हुए हैं और यह इनकी आजीविका का उपाय भी है। फिर भी, इस सीपी संपदा का टिकाऊपन कायम रखने के लिए इनका न्यायसंगत विदोहन और परिरक्षण किया जाना आवश्यक है।

कल्बादेवी संकरी खाड़ी में सीपी संग्रहण का दृश्य

(सी एम एफ आर आइ मुम्बई अनुसंधान केन्द्र की रिपोर्ट)

भारत के उत्तर-पूर्व तट पर *लूटजानस अर्जेन्टिमाकुलेटस* में गोणोकोरिसम की पुष्टि

